2014

HINDI

(Major)

Paper : 3.1

(Adhunik Hindi Kavyadhara ka Itihas)

Full Marks : 80

Time : 3 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

1. पूर्ण वाक्य में उत्तर दीजिए : 1×10=10

(क) रामचन्द्र शुक्ल जी ने आधुनिक काल का प्रारम्भ कब से माना है?

(ख) ब्राह्मसमाज की स्थापना किसने की थी?

(ग) मिश्रबन्धुओं के अनुसार भारतेन्दुयुग की कालावधि क्या है?

(घ) 'कविवचनसुधा' का प्रथम सम्पादक कौन था?

(ङ) 'प्रेम-सरोवर' के कवि कौन हैं?

(च) 'झाँसी की रानी' किनकी कविता है?

(छ) 'कामायनी' का प्रकाशन-काल क्या है?

(ज) महादेवी वर्मा की कविताओं में पाई जानेवाली एक प्रमुख संवेदना का उल्लेख कीजिए।

(झ) 'कुकुरमुत्ता' किस कवि की कृति है?

(ञ) 'अज्ञेय' द्वारा सम्पादित किसी एक पत्रिका का नामोल्लेख कीजिए।

2. संक्षेप में उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) आधुनिक काल तक आते-आते कैसे कविता की भाषा बदल गई है, लिखिए।

(ख) भारतेन्दु की कविताओं की दो विशेषताएँ लिखिए।

(ग) अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध' की चार कृतियों का उल्लेख कीजिए।

(घ) 'प्रयोगवाद' शब्द का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

(ङ) साठ के बाद की कविता में पाए जानेवाले दो मुख्य स्वरों का उल्लेख कीजिए।

3. किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) आधुनिक काल की प्रारम्भिक सीमा पर चर्चा कीजिए।

(ख) कवि के रूप में महावीर प्रसाद द्विवेदी का मूल्यांकन कीजिए।

(ग) कविता के क्षेत्र में भारतेन्दुयुग की मुख्य उपलब्धि क्या रही है?

(घ) 'साकेत' पर एक टिप्पणी प्रस्तुत कीजिए।

(ङ) निराला के प्रमुख काव्य-स्वर को स्पष्ट कीजिए।

(च) 'अकविता' से आप क्या समझते हैं?

4. आधुनिककालीन राजनीतिक एवं सामाजिक परिस्थितियों पर सम्यक् प्रकाश डालिए। 10

अथवा

आधुनिककालीन भारतीय नवजागरण के स्वरूप पर संक्षिप्त चर्चा कीजिए।

5. भारतेन्दु **अथवा** द्विवेदीयुगीन कविता की विशेषताएँ लिखिए। 10

6. छायावाद के सीमांकन एवं नामकरण पर प्रकाश डालिए। 10

अथवा

छायावाद की साहित्यिक प्रवृत्तियों को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

7. किन्हीं दो प्रगतिवादी कवियों का संक्षेप में परिचय दीजिए। 10

अथवा

'नई कविता' की प्रमुख संवेदनाओं को संक्षेप में लिखिए।

★★★